कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397
पत्रांक – 5759 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 25-6-2022.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
भूमि संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– जनपद बागेश्वर में झोपड़ा शिखर वास्ती 12 किमी0 तक मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/10587/2015।

सन्दर्भ :– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून की पत्र सं0 08 बी / यू0सी0पी0 / 06 / 114 / 2016 / एफ0सी0 / 55 दिनांक 12.04.2022।

महोदय,

विषयगत मोटर मार्ग के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा लगाई गयी आपत्ति का निराकरण कर प्रतिउत्तर जो प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर के पत्रांक 4924 / 12–1 (2) दिनांक 14.06.2022 द्वारा प्राप्त हुआ है। कि तीन हॉर्ड कॉपियां बन्द लिफॉफे में प्रेषित की जा रही है। प्रस्ताव ऑन लाईन से प्रेषित करने की कार्यवाही पृथक से की जा रही है।

**संलग्न– 02 हार्ड कॉपियां।**

भवदीय

(हस्ताक्षर)

**(कुबेर सिंह बिष्ट)**
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email-dfobag-forest-uk.nic.in/ dfo_bageshwar@rediffmail.com
दूरभाष एवं फैक्स नं0: 05963-220249 वन मित्र काल सेटर– 9208008000

पत्रांक 4924 / 12-1-2 बागेश्वर दिनांक : 14/ 6 /2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड अल्मोडा।

**विषय –** **जनपद बागेश्वर में झोपड़ा शिखर वास्ती 12 किमी0 मोटर मार्ग (प्रस्ताव संख्या–10587/2015)**

**सन्दर्भ–** **ऑन लाईन आपत्ति दिनांक 28.12.2017 के कम में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी देहरादून द्वारा उक्त प्रस्ताव में जो आपत्तिया लगायी गयी है उनका निम्नानुसार निराकरण कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| बिन्दु स0 1 | मन्दिर अथवा पर्यटन हेतु ropeway के निर्माण पर विचार किया जा सकता है क्योंकि उक्त मोटर माग में 324 वृक्षों का पातन निहित है। यह मार्ग घने वन से होकर गुजर रहा है, अतः प्रस्ताव merit के आधार पर एवं अनुकूल तथ्यों के अभाव में स्वीकार्य नहीं है। राज्य सरकार यदि चाहें तो सभी तथ्यों को भली–भॉति जांच कर औचित्यपूर्ण साक्ष्यों के साथ मार्ग निर्माण का औचित्य प्रेषित करते हुए पुनरीक्षित प्रस्ताव प्रस्तुत करने का कष्ट करे। | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त मोटर मार्ग से झोपडा ग्राम के तोकों को मोटर मार्ग से जोडा जाना है, झोपड़ा ग्रामसभा का कुछ ही भाग मोटर मार्ग से जुडा है मोटर मार्ग से अलग भी उक्त ग्राम के कई तोकों को मोटर मार्ग से जोडा जाना है, एवं स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा कपकोट शामा तेजम मोटर मार्ग से झोपड़ा शिखर से वास्ती ग्राम सभा को जोडे जाने हेतु मांग की जा रही है। स्थानीय ग्रामवासियों को वर्तमान में वास्ती जाने के लिए कपकोट–बागेश्वर–धरमघर होते हुये लगभग 80 किमी0 का सफर तय करके जाना पडता है। उक्त मार्ग के बनने से झोपड़ा ग्राम को वास्ती से जोड़ा जा सकता है जिससे स्थानीय वासियों को धरमघर सनगाड वास्ती जाने में कम समय लगेगा। उक्त मोटर मार्ग को कपकोट शामा तेजम मोटर मार्ग से वास्ती तक जोडने हेतु स्थानीय जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही है। एवं साथ ही शिखर मन्दिर को भी सड़क मार्ग से जोडने की मांग की जा रही है। |

भवदीय,

(हिमांशु बागरी)
प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

"D:\samany 2018-19\land transfer\letter land tansfare.p.w.d kapkot .docx"